<table>
<tr><th>तारीख हुक्म</th><th>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
2020/00052</th><th>नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</th></tr>
<tr><td>15.06.2020</td><td>प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता जगदीशचन्द्र मेनारिया ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0ए0के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की आराजीयात मौजा रेवलियाकलां पटवार हल्का रेवलियाखुर्द तहसील भदेसर में स्थित खाता संख्या 80 में अंकित आराजी नम्बर 626 , 631 किता 2 कुल रकबा 0.4700 हैक्टेयरएवं खाता संख्या 224 की आ0न0 625, रकबा 0.3500 हैक्टेयर एवं खाता संख्या 161 की आ0न0 513, 514 ,525, 526, 624, 795, 873, 874 किता–8 कुल रकबा 2. 9600 हैक्टेयर होकर उक्त आराजी के विपक्षीगण पडोसी है। ताईद में नकल जमाबन्दी एवं नक्शा ट्रेस संलग्न है। उक्त आराजीयात के सीमा चिन्ह नहीं होने से विपक्षीगण से आये दिन सीमा संबंधी विवाद होता है उक्त विवाद से बचने के लिए आराजीयात की पत्थरगढी कराई जावे ।

वकील प्रार्थी की बहस एक पक्षीय सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व अभिलेख का अवलोकन किया गया । जैर बहस आलौच्य आराजीयात प्रार्थीगण के खातेदारी में दर्ज रेकार्ड होकर उन्हें नपती कराने का स्वत्व निहीत है । अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र 128 एल.आर.ए. स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार भदेसर को 3000/– [handwritten over 2000] अक्षरे तीन [handwritten; printed दो struck out] हजार रूपये फीस पर कमीशनर नियुक्त किया जाता है कि मुकदमा पक्षकारान् को अपने स्तर पर सूचना पत्र जारी किए जाकर बाद सुनवाई उनकी मौजूदगी में मौजा रेवलियाकलां पटवार हल्का रेवलियाखुर्द तहसील भदेसर में स्थित खाता संख्या 80 में अंकित आराजी नम्बर 626 , 631 किता 2 कुल रकबा 0.4700 हैक्टेयरएवं खाता संख्या 224 की आ0न0 625, रकबा 0.3500 हैक्टेयर एवं खाता संख्या 161 की आ0न0 513, 514 ,525, 526, 624, 795, 873, 874 किता–8 कुल रकबा 2.9600 हैक्टेयर भूमि की नक्शा बन्दोबस्ती अनुसार बिना किसी के कब्जे काश्त में दखल अन्दाजी दिये भूमि की बाद पैमूदगी पत्थरगढी कर तथा पत्थरगढी के पत्रादि एवं पक्षकारान् के जारी सूचना पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करें । इसी आशय का हुक्मनामा जारी हो। निर्णय खुले न्यायालय लिखाया सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो ।

(अंजु शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी
भदेसर</td><td></td></tr>
</table>

Signature Not Verified
Digitally signed by Anju Sharma
Date: 2021.03.31 12:07:40 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner